Higher Education

Dr. Mukesh Pancholi

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, 2005 –

NCF 2005, 4th संस्करण था, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या का, जिसका प्रकाशन NCERT द्वारा किया गया था। इससे पहले भी पाठ्यचर्या की रूपरेखा तीन बार 19975, 1988, 2000 में प्रकाशित हो चुकी थी।

NCF 2005 पाठ्यक्रम के लिए दिशा निर्देश के रूप में कार्य करता है। NCF 2005 ने शिक्षा को पिछली रिपोर्टों जैसे लर्निंग विदआउट बर्डन, HPE 1986, फोकस ग्रुप डिस्कशन आदि पर आधारित है।

Dr. Mukesh Pancholi

बालकों को क्या और कैसे पढ़ाया जाएगा NCF 2005 इन्हीं बातों पर ध्यान केन्द्रित करता है।

NCF की रूपरेखा का उद्धरण रविन्द्रनाथ टैगोर के निबंध 'सभ्यता व प्रगति' से हुआ है, जिसमें उन्होंने बताया है कि सृजनात्मकता उदार आनंद बचपन की कुंजी है।

NCF 2005 का अनुवाद संविधान की 8वीं अनुसूची में दी गई सभी भाषाओं (22 भाषाओं) में किया गया है। यह विद्यालय शिक्षा की अब तक का नवीनतम दस्तावेज है।

Dr. Mukesh Pancholi

NCF 2005 समिति का गठन मानव संसाधन विकास मंत्रालय की पहल पर प्रो. यशपाल की अध्यक्षता में हुई थी। NCF 2005 के (5) सिद्धांत (मार्गदर्शक सिद्धांत) –

1. ज्ञान को स्कूल के बाहर जीवन से जोड़ा जाए।
2. पढ़ाई को रटंत प्रणाली से मुक्त हो।
3. पाठ्यचर्या, पाठ्यपुस्तक केन्द्रित न रह जाए।
4. राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति आस्थावान विद्यार्थी तैयार हो। व
5. राष्ट्रीय महत्त्व के बिंदुओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

Dr. Mukesh Pancholi

सिद्धांतों के संबंध में महत्त्वपूर्ण तथ्य –

1. NCF का उद्देश्य ज्ञान व जीवन के बीच की दूरी को कम करना था।
2. NCF 2005 को प्राथमिक शिक्षा में लागू किया गया, रटने की प्रणाली पर रोक लगाना।
3. इसके अलावा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया 'बाल केन्द्रित' हो ऐसी विषय सामग्री का उपयोग किया जाए जिससे प्रभावशाली व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सके।
4. NCF 2005 का निर्माण NCERT द्वारा किया गया था, इसको पूर्ण करने का कार्य NCERT के निदेशक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में किया गया। इसका प्रमुख लक्ष्य 'आत्मज्ञान' देना था।

Dr. Mukesh Pancholi

5. NCF 2005 में हर विद्यार्थी को अपनी क्षमता व कौशल को व्यक्त करने का मौका देने के लिए कहा गया।

अन्य विशेषताएं –

1. प्राथमिक स्तर पर भाषा का माध्यम मातृभाषा।
2. शिक्षण सूत्र ज्ञात से अज्ञात, मूर्त से अमूर्त का अधिकतम प्रयोग हो।
3. मूल्यों का उपदेश ना देकर वातावरण स्थापित किया जाए।
4. अच्छा विद्यार्थी उसे माना जाए, जो तर्कपूर्ण विचार द्वारा मौलिक विचार प्रस्तुत करें।

Dr. Mukesh Pancholi

5. सजा व पुरस्कार भावना को सीमित किया जाए।
6. मानसिक स्तर व योग्यता के अनुसार पाठ्यक्रम हो। आदि।

NCF 2005 में 'सपनों के भारत को धरातल पर उतारने की युक्ति' बताया गया है। NCF 2005 की कार्यशाला का आयोजन NCERT नई दिल्ली में किया गया।

यशपाल समिति, 2009 –

भारत सरकार ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत् उच्च शिक्षा पर एक समिति का गठन किया, जिसे यशपाल समिति के नाम से जाना जाता है।

Dr. Mukesh Pancholi

रिपोर्ट –

वर्ष 2009 में गठित समिति के अध्यक्ष प्रो. यशपाल थे, इस समिति का गठन उच्च शिक्षा में किए गए सुधारों की जांच करना था।

यशपाल विश्व-स्तर पर प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी, अकादमिक व उच्च शिक्षा सुधारक थे।

अपनी रिपोर्ट में यशपाल समिति ने एक उच्च नियामक के निर्माण का सुझाव दिया जो कि (7) सदस्यीय आयोग हो, उच्च शिक्षा व अनुसंधान के लिए (CHER)।

इस समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट 24 जून को सौंपी MHRD को और इस रिपोर्ट में सिफारिश की, कि डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा छोड़ दिया जाना चाहिए व सभी योग्य डीम्ड यूनिवर्सिटी को पूर्ण रूप से परिवर्तिक विश्वविद्यालयों में बदल दिया जाना चाहिए।

Dr. Mukesh Pancholi

समिति ने कहा कि UGC, AICTE, NCTE जैसे नियामक निकायों के सभी सदस्यों को संसद के एक्ट के द्वारा सात सदस्यीय आयोग जिसे CHER अर्था उच्च शिक्षा व अनुसंधान आयोग द्वारा प्रतिस्थापित किया जाए। प्रस्तावित आयोग के अध्यक्ष की स्थिति चुनाव आयुक्तों के अनुरूप हो।

24 जून को मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल द्वारा कहा गया कि IIT व IIM को पूर्ण विश्वविद्यालय के रूप में काम करने के लिए अपने क्षेत्र में विस्तार व विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। (कला व मानविकी विषयों को शामिल करके)

Dr. Mukesh Pancholi

Higher Education Questions

Dr. Mukesh Pancholi

1. NCF से संबंधित सही तथ्यों को छांटिए -

I. NCF अब तक चार संस्करण प्रकाशित हो चुके है।
II. NCF शिक्षा नीति का दिशा-निर्देश करता है।
III. अब तक 1975, 1988, 2000 व 2005 में NCF प्रकाशित हो चुके है।

(A) I, II
(B) II, III
(C) I, III
(D) उपरोक्त सभी

Dr. Mukesh Pancholi

2. NCF 2005 से संबंधित गलत कथन को छांटिए –

I. यह रूपरेखा NPE 1986, लर्निंग विदआउट बर्डन, राममूर्ति समिति व फोकस ग्रुप डिस्कशन पर आधारित है।

II. क्या? व कैसे पढ़ाया जाए, शिक्षकों की इनसे संबंधित समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है।

III. NCF 2005, 22 भाषाओं में अनुवादित है।

(A) केवल I

(B) केवल II

(C) I, II

(D) उपरोक्त सभी

Dr. Mukesh Pancholi

3. NCF 2005 का प्रकाशन किया गया है -

(A) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(B) राष्ट्रीय शैक्षिक व अनुसंधान संस्थान

(C) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

(D) राष्ट्रीय स्कूल परिषद्

Dr. Mukesh Pancholi

4. NCF 2005 के मूल सिद्धांतों को छांटिए –

I. राष्ट्रीय मूल्यों का विकास।

II. ज्ञान को स्कूल के बाहरी जीवन से जोड़ना।

III. धार्मिकता व सहिष्णुता को बढ़ावा देना।

IV. शिक्षण केवल पाठ्यपुस्तक केन्द्रित हो।

V. अनुप्रयोगात्मक शिक्षण।

(A) I, II, V

(B) I, II, IV, V

(C) उपरोक्त सभी

(D) II, III, IV, V

Dr. Mukesh Pancholi

5. NCF 2005 के उद्देश्य है –

I. रटंत प्रणाली पर रोक लगाना।

II. 'आत्मज्ञान' पर बल देना।

III. 'शिक्षक केन्द्रित' शिक्षण सामग्री का प्रयोग।

IV. प्रतियोगिताओं के माध्यम से कौशलों की अभिव्यक्ति

(A) I, II, III

(B) II, III, IV

(C) I, II, IV

(D) उपरोक्त सभी

Dr. Mukesh Pancholi

6. ‘सपनों के भारत को धरातल पर उतारने की युक्त’ उपर्युक्त कथन का संबंध है -

(A) यशपाल समिति, 2009

(B) यशपाल समिति, 1992

(C) जनार्दन समिति, 1992

(D) यशपाल समिति, 2005

Dr. Mukesh Pancholi

7. समिति का उनके उद्देश्यों से संबंध स्थापित कीजिए -

समिति का नाम	उद्देश्य
(a) राममूर्ति समिति, 1990	(i) शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार
(b) यशपाल समिति, 1992	(ii) 1986 की शिक्षा नीति की समीक्षा
(c) राष्ट्रीय ज्ञान आयोग, 2005	(iii) प्राथमिक स्तर पर अंग्रेजी माध्यम
(d) जैकब डेलर्स समिति, 1996	(iv) शिक्षा बिना बोझ के

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	(i)	(iii)	(ii)	(iv)
(B)	(ii)	(iv)	(iii)	(i)
(C)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)
(D)	(iv)	(ii)	(i)	(iii)

Dr. Mukesh Pancholi

8. यशपाल समिति, 2009 से संबंधित सत्य कथनों को पहचानिए -

I. डीम्ड यूनिवर्सिटीज को पूरी तरह खत्म कर दिया जाना चाहिए व सामान्य विश्वविद्यालय में बदल दिया जाना चाहिए।

II. AICTE को अधिक स्वायत्त बनाया जाए।

III. इसका गठन NCERT द्वारा किया गया।

IV. IIT व IIM का कार्यक्षेत्र का विस्तार किया जाना चाहिए।

(A) I, IV (B) I, III

(C) I, II (D) उपरोक्त सभी

Dr. Mukesh Pancholi

9. (I) सात सदस्यीय आयोग जो कि UGC, AICTE, NCTE को प्रतिस्थापित करें।

(II) उच्च शिक्षा व अनुसंधान आयोग की स्थापना का प्रस्ताव।

(III) CHER के अध्यक्ष की स्थिति चुनाव आयुक्त जैसे।

उपरोक्त कथन संबंधित है -

(A) राममूर्ति समिति

(B) यशपाल समिति, 1992

(C) यशपाल समिति, 2009

(D) जनार्दन रेड्डी समिति, 1992

Dr. Mukesh Pancholi

10. विभिन्न प्रस्तावित आयोग व सिफारिश की गई समिति से सुमेलित कीजिए -

प्रस्तावित आयोग/विभाग/परिषद्	समिति का नाम (जिसकी सिफारिश थी)
(a) जिला शिक्षा परिषदों की स्थापना	(i) जनार्दन राम रेड्डी समिति
(b) राष्ट्रीय परिषद्	(ii) गणनाम समिति
(c) उच्चतर शिक्षा राष्ट्रीय आयोग	(iii) राममूर्ति समिति
(d) राष्ट्रीय मूल्यांकन संगठन	(iv) के. एल. माली की अध्यक्षता (ग्रामीण उच्च शिक्षा समिति, 1954)
(e) CHER	(v) यशपाल समिति, 2009

कोड :

	(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
(A)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)
(B)	(ii)	(iii)	(iv)	(v)	(i)
(C)	(iv)	(v)	(i)	(ii)	(iii)
(D)	(iii)	(iv)	(ii)	(i)	(v)

Dr. Mukesh Pancholi